उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री लाल बिहारी यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–21 का उत्तर।

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 21 (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि ग्राम पिडउथसिंहपुर, परगना व तहसील–घोसी, जनपद–मऊ में स्थित अराजी नं0 609 जो रास्ता है और वह दक्षिण आकर 615 नं0 रास्तों में मिलता है चकबन्दी में रास्ता बनाया गया था लेकिन कुछ व्यक्तियों ने बीच में चकबन्दी के दौरान इस रास्ते को काटकर चक नं0 563 में मिला लिया है जिससे ग्रामवासियों का रास्ता दक्षिण से उत्तर जाने के लिए बन्द हो गया है ? | ग्राम–पिडउथ सिंहपुर, परगना व तहसील–घोसी, जनपद–मऊ भू–चित्र (बन्दोबस्ती नक्शा) में रास्ता संख्या–609 व रास्ता संख्या–615 आपस में जुड़ा नहीं है। गाटा संख्या–563 के पूर्वी सिरे पर अभिलेख भू–चित्र बन्दोबस्ती में रास्ता नहीं बना है। ग्राम–पिडउथ सिंहपुर परगना व तहसील–घोसी, जनपद–मऊ के अभिलेखों बन्दोबस्ती भू–चित्र में प्रश्नगत स्थल पर रास्ता अंकित नहीं है। |
| (ख) | क्या उक्त की पुनः जांच कराकर जनहित में रास्ता बनवायेंगे ? | चकबन्दी के उपरान्त प्राप्त अभिलेख बन्दोबस्त व सजरा में रास्ता नहीं है। ऐसी स्थिति में रास्ता बनवाया जाना सम्भव नहीं है। |
| (ग) | क्या उक्त की जॉच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करायेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड़) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।